# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची–834001
## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड पात्रता परीक्षा–2024 (Jharkhand Eligibility Test-2024), विज्ञापन संख्या–08/2025 के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड पात्रता परीक्षा–2024 (Jharkhand Eligibility Test-2024), विज्ञापन संख्या–08/2025 दिनांक–**26.04.2026 (रविवार)** को झारखण्ड राज्य के छः जिलों (राँची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), हजारीबाग तथा देवघर) में निम्न कार्यक्रमानुसार निर्धारित है :–

| दिनांक | प्रथम पाली (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **SL. No** | **Marks** | **Number Of Questions** | **MCQ** | **Total Duration** |
| 26.04.2026 (रविवार) | I | 100 | 50 | The questions in Paper I intends to assess the teaching /research aptitude of the candidate. It will primarily be designed to test reasoning ability, reading comprehension, divergent thinking and general awareness of the candidate. | 03 hours (180 minutes) without any break. All the questions are compulsory. |
| | II | 200 | 100 | This is based on the subject selected by the candidate and will assess domain knowledge. | |

2. अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश, प्रवेश–पत्र से संबंधित एवं महत्वपूर्ण सूचनाएँ आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. अभ्यर्थियों को आवंटित जिलों की सूची दिनांक–15.04.2026 को आयोग के वेबसाईट पर जारी कर दी जाएगी जिसे वे OTR के लिंक https://jpscOTR.Com पर क्लिक कर चेक कर सकते हैं।
4. प्रवेश पत्र दिनांक–22.04.2026 से आयोग के वेबसाईट पर OTR के लिंक https://jpscOTR.Com के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकेगा।
5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।

Click Here For Free CTET Notes & Vacancy Updates

# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
# सर्कुलर रोड, राँची–834001

**झारखण्ड पात्रता परीक्षा–2024, (विज्ञापन संख्या–08/2025) के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

**प्रवेश–पत्र, उपस्थिति पत्रक डाउनलोड करने एवं महत्वपूर्ण अनुदेश के संबंध में:–**

1. इस परीक्षा के परीक्षार्थियों को प्रवेश–पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।
2. उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को औपबंधिक (Provisional) रूप से प्रवेश–पत्र निर्गत किये जायेंगे। किसी भी स्तर पर जाँच या सत्यापन के क्रम में कोई गलत सूचना या तथ्य छिपाने का प्रमाण पाये जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी तथा इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।
3. अभ्यर्थियों को आवंटित जिलों की सूची दिनांक–15.04.2026 को आयोग के वेबसाईट पर जारी कर दी जाएगी जिसे वे OTR के लिंक https://jpscOTR.Com पर क्लिक कर चेक कर सकते हैं।
4. परीक्षार्थी अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card), उपस्थिति पत्रक (Attendance Sheet) एवं परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण अनुदेश **दिनांक–22.04.2026** से आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध OTR के लिंक https://jpscOTR.Com पर अपना **E-mail Id/Mobile No./ OTR No.** एवं **Password** प्रविष्ट कर डाउनलोड कर सकते हैं।
5. परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड करने में कठिनाई हो तो आयोग के **Helpline No. 8929883832 पर दिनांक–25.04.2026 तक** कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
6. परीक्षार्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाईट से डाउनलोड किये गए प्रवेश पत्र (Admit Card), उपस्थिति पत्रक एवं आवेदन के समय दिये गये फोटो की 02 (दो) स्वहस्ताक्षरित रंगीन (Colour) फोटो तथा एक वैध (Valid) फोटोयुक्त पहचान पत्र अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य साथ लाएँ, अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित होने नहीं दिया जायेगा।
7. परीक्षा केन्द्र पर जाँच हेतु Biometric एवं IRIS की व्यवस्था की गयी है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर पूर्वाह्न–8:00 बजे तक पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।
8. परीक्षार्थी अपने ओ0एम0आर0 शीट में आवश्यक जानकारियाँ प्रविष्ट करने के पूर्व प्रवेश पत्र (Admit Card) एवं ओ0एम0आर0 शीट (OMR Sheet) में अंकित अनुदेशों को भली भाँति पढ़कर ही प्रविष्टि करें। ओ0एम0आर0 शीट (OMR Sheet) में सही एवं वांछित सूचनाएं अंकित नहीं किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जा सकती है तथा परीक्षार्थी इसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।
9. ओ0एम0आर0 सीट में उत्तर के गोले में वांछित सूचना अंकित करने हेतु **नीला/काला बॉल प्वांईट पेन** का ही प्रयोग किया जायेगा। अतः परीक्षार्थियों को निदेशित किया जाता कि वे अपने साथ परीक्षा कक्ष में **नीला/काला बॉल प्वांईट पेन** अवश्य लाएँ।

कृ0पृ0उ0

Click Here For Free CTET Notes & Vacancy Updates

10. परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाईल फोन या अन्य कोई Electronic Gadget रखने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने परीक्षा केन्द्र पर कागज/पर्ची, मोबाईल फोन, Electronic Gadget सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ यथा बैग, पाठ्य—पुस्तिकाएँ, खाद्य—सामग्री, कीमती/मूल्यवान सामान एवं अस्त्र—शस्त्र इत्यादि साथ नहीं लायें। इन अनुदेशों का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित परीक्षार्थी के विरूद्ध भविष्य में होनेवाली परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित अन्य दण्डात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

11. परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षा आरम्भ होने की निर्धारित समय से कम से कम दो घंटा पहले अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

12. दिव्यांग कोटे के परीक्षार्थी श्रुतलेखक (Scribe) हेतु परीक्षा तिथि से 03 दिन पूर्व वांछित चिकित्सा प्रमाण—पत्र सहित अपने केन्द्र पर उपस्थित होकर केन्द्राधीक्षक को प्रार्थना पत्र समर्पित करेंगे, जिसके आधार पर केन्द्राधीक्षक द्वारा इस निमित्त यथा निर्देशित व्यवस्था किया जायेगा।

ह0/—
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।

Click Here For Free CTET Notes & Vacancy Updates